**भर्ती विज्ञप्ति**

**सेना में धर्मशिक्षक के रुप में जूनियर कमीशन अधिकारी आर.आर.टी. (RRT) 88, 89 एवं 90 पाठ्यक्रम**

1. सेना में धर्मशिक्षक के रुप में जूनियर कमीशन अधिकारी बनने के लिए धर्मशिक्षक भर्ती 88, 89 एवं 90 पाठ्यक्रम के लिए योग्य पुरुष अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । धर्मशिक्षक सेना में धार्मिक ग्रंथों से प्रवचन करते हैं और विभिन्न रेजिमेन्टल /यूनिटों की धार्मिक संस्थाओं में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं । उनके कार्यों में सैन्य अधिकारियों, सैनिकों और परिवारों को धार्मिक प्रवचन देना, उनके कल्याण की देखभाल करना, धर्म शिक्षक के रुप में अन्तिम संस्कार कराना, अस्पताल में रोगियों को धार्मिक उपदेश देना, स्वास्थ्य लाभ कर रहे रोगियों के लिए धर्मग्रन्थों का पाठ करना, दंड भुगत रहे सैनिकों को उपदेश देना, बच्चों और भर्ती किये गये किशोरों को विशेष धार्मिक शिक्षायें देना तथा धार्मिक स्थानों की देख-रेख करना आदि शामिल होगा ।

2. **रिक्तियाँ**.

| क्रम संख्या | वर्ग | रिक्तियाँ | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| (क) | पंडित | 118 | |
| (ख) | पंडित (गोरखा)<br>गोरखा रेजिमेंट के लिए | 07 | केवल हिन्दू (गोरखा ) अभ्यर्थियों के लिए |
| (ग) | ग्रन्थी | 09 | |
| (घ) | मौलवी (सुन्नी) | 09 | |
| (ङ) | मौलवी (शिया)<br>लद्दाख स्काउट के लिए | 01 | केवल लद्दाखी मुस्लिम (शिया) अभ्यर्थियों के लिए |
| (च) | पादरी | 04 | |
| (छ) | बौद्ध संन्यासी (महायान)<br>लद्दाख स्काउट के लिए | 04 | |

**टिप्पणी :-** उपरोक्त रिक्तियाँ अंतरिम हैं तथा भर्ती के किसी भी चरण में परिवर्तित हो सकती हैं ।

3. **योग्यता**. सभी (सिविल अभ्यर्थियों तथा सेवारत सैनिकों) के लिए योग्यता कसौटी समान होगी ।

(क) **आयुसीमा**. सिविल अभ्यर्थियों तथा सेवारत सैनिकों की आयु भर्ती वर्ष **01 अक्टूबर 2020** को 25 वर्ष से कम तथा 34 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । (अर्थात् अभ्यर्थियों का जन्म **01 अक्टूबर 1986** से **30 सितम्बर 1995** के बीच हुआ हो और दोनों तारीखें शामिल) ।

(ख) **शैक्षिक योग्यता**. जूनियर कमीशन अधिकारी (धर्मशिक्षक) की नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को धर्म के अनुसार निम्नलिखित योग्यता होना भी अनिवार्य है ।

(i) **पंडित और पंडित (गोरखा) गोरखा रेजिमेन्ट के लिए**. **हिन्दू** अभ्यर्थियों के लिए **संस्कृत में आचार्य**

अथवा

संस्कृत भाषा में शास्त्री और कर्म कांड में एक वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

(ii) **ग्रंथी**. **सिख** अभ्यर्थियों ने **पंजाबी में ज्ञानी** परीक्षा पास की हो।

(iii) **मौलवी और मौलवी (शिया) लद्दाख स्काउट रेजिमेन्ट के लिए.** मुस्लिम अभ्यर्थियों ने **अरबी में मौलवी आलिम या उर्दू में अदीब आलिम** परीक्षा पास की हो।

(iv) **पादरी**. कोई भी अभ्यर्थी जो गिरजाघर के पादरी द्धारा नियुक्त किया गया हो और अभी भी स्थानीय बिशप की अनुमोदित लिस्ट में शामिल हो ।

(v) **बौद्ध संन्यासी (महायान)**. कोई भी अभ्यर्थी जिसे बौद्ध संन्यासी/ **बौद्ध प्रीस्ट (पुजारी)** का प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त हुआ हो । यहाँ सक्षम प्राधिकारी से तात्पर्य उस मठ के प्रधान से है जिसने उस अभ्यर्थी को भिक्षु की दीक्षा दी हो जो **खम्पा**, **लोपोन** या **राबजम** मोनेस्ट्री के प्राधिकार से हासिल हो तथा उस मोनेस्ट्री का मुखिया गेशे (पी एच डी) उपाधि धारक हो ।

**टिप्पणी:- अभ्यर्थी के पास उपरोक्त शैक्षिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होना अनियार्य है । उपरोक्त सभी योग्यता मापदंड सेवारत सैनिकों और सिविल अभ्यर्थियों के लिए एक समान होगी ।**

4. **चिकित्सा मापदण्ड**.

(क) अभ्यर्थी को शारीरिक तथा मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होना चाहिए। छाती पूर्णतः विकसित एवं फैलाव न्यूनतम 5 से.मी. होना चाहिए। दोनों कानों से सामान्य सुनाई देना चाहिए। मसूढे तथा दाँत स्वस्थ और न्यूनतम 14 दंत प्वॉइंट होने चाहिए। अभ्यर्थी को हड्डियों का टेढ़ापन, हाइड्रोसिल तथा बवासीर इत्यादि कोई रोग नहीं होना चाहिए।

(ख) सेवारत सैनिक के पुनः प्रवेश हेतु उनका चिकित्सा श्रेणी SHAPE-1 होना अनिवार्य है । भर्ती रैली के दौरान उन्हें चिकित्सा जांच नहीं कराना होगा । ऐसे अभ्यर्थियों को सम्बंधित सैन्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा प्रमाण पत्र लेना होगा जिसे यूनिट कमान अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाकर जमा करना होगा ।

5. **शारीरिक मापदण्ड और दक्षता परीक्षा.**

| क्र. संख्या | मापदण्ड | न्यूनतम स्तर |
|---|---|---|
| (क) | ऊँचाई (से.मी.) | (I) सामान्य के लिए - 160<br>(II) गोरखा व लद्दाखी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए - 157<br>(III) अन्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, लक्षदीप समूह मिनिकाँय सहित - 155 (केवल स्थानीय)। |
| (ख) | छाती (से.मी.) | 77 (सभी के लिए) । |
| (ग) | वजन (कि.ग्रा.) | (I) सामान्य व लद्दाखी के लिए - 50<br>(II) गोरखा अभ्यर्थियों के लिए - 48 |
| (घ) | शारीरिक दक्षता परीक्षा (PFT) | अभ्यर्थी 1600 मीटर की दौड़ को 8 मिनट में दौडने के योग्य होना चाहिए ।<br>**टिप्पणी**: 1.6 कि.मी दौड के लिए पहाडी क्षेत्रों में अतिरिक्त समय के लिए प्रावधान :-<br>(i) 5000 फीट से 9000 फीट के बीच 30 सेकेण्ड अतिरिक्त ।<br>(ii) 9000 फीट से 12000 फीट के बीच 120 सेकेण्ड अतिरिक्त । |

6. **अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग)**: योग्य अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक अनुवीक्षण हेतु एडमिट कार्ड दिया जाएगा। सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय / प्रशिक्षण केंद्र द्वारा अभ्यर्थी के मूल प्रमाण पत्रों की जाँच, शारीरिक परीक्षा तथा चिकित्सा जाँच की जाएगी।

7. **लिखित परीक्षा,साक्षात्कार एवं भर्ती की शर्तें**: चयनित अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा **23 फरवरी 2020** को होगी जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के निम्नलिखित दो प्रश्न पत्र होंगे।

| प्रश्न पत्र | उत्तीर्णांक/ अधिकतम अंक | कुल प्रश्न | अंक प्रति प्रश्न | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नेगेटिव अंक |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्न पत्र -1 (सामान्य ज्ञान) | 40/100 | 50 | 02 | - 0.5 |
| प्रश्न पत्र- 2 ((अभ्यर्थी के लिए लागू विशिष्ट धर्म से सम्बंधित प्रश्न)) | 40/100 | 50 | 02 | - 0.5 |

**टिप्पणी**: 1. प्रथम प्रश्न पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए समान है और केवल उत्तीर्ण (क्वालिफाईंग) परीक्षा है। केवल वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम प्रश्न पत्र में 40% अंक लिए होंगे उन्हीं के द्वितीय प्रश्न पत्र का मूल्यांकन होगा । प्रथम प्रश्न पत्र में प्राप्त अंको की वरीयता सूची (मेरिट) बनाने के लिए अथवा साक्षात्कार (इण्टरव्यू) तथा अंतिम चयन के लिए गणना नहीं की जाएगी ।

2. जो अभ्यर्थी द्वितीय प्रश्न पत्र में प्राप्त अंकों के आधार पर चयनित सूची में नामांकित किए गए हैं केवल उन्ही का साक्षात्कार अधिकारियों की पैनल द्वारा 1 ए एस सी प्रशिक्षण केंद्र बैंगलोर और 39 जी टी सी वाराणसी में किया जाएगा ।

3. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण/साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की योग्यता सूची भर्ती महानिदेशालय की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर मुख्यालय भर्ती कार्यालय बैंगलोर द्वारा प्रकाशित की जाएगी ।

4. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में पास होने के लिए 100 में से न्यूनतम 50 अंक (50%) प्राप्त करना आवश्यक है ।

5. द्वितीय प्रश्नपत्र तथा साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के वरीयता सूची आधार पर अंतिम रूप से चयन किया जायेगा ।

6. वर्तमान में सेवारत/भूतपूर्व सैनिक/युद्ध विधवा/ विधवा के पुत्रों तथा खिलाडी/एन.सी. सी/ कम्प्यूटर सर्टिफिकेट प्राप्त अभ्यर्थियों को कोई भी **बोनस अंक** नहीं दिया जायगा ।

8. **भर्ती की शर्तें.**

(क) अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को बतौर जूनियर कमीशन अधिकारी (धर्म शिक्षक) भर्ती किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को छः सप्ताह का प्रशिक्षण बी.ई.जी रेजिमेंटल सेंटर खडकी तथा 11 सप्ताह का प्रशिक्षण राष्ट्रीय एकता संस्थान पुणे में पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ख) सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अभ्यर्थी को वर्तमान में लागू शर्तों के अनुसार धर्म शिक्षक के रूप में नायब सूबेदार के पद पर नियुक्त किया जाएगा ।प्रशिक्षण के दौरान किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी को अस्वीकृत किया जा सकता है।

9. **आवेदन कैसे करें**.

(क) भर्ती की प्रक्रियाएं सभी मुख्यालय भर्ती कार्यालयों, स्वतंत्र भर्ती कार्यालय (दिल्ली कैंट) जी आर डी कुनराघाट तथा लद्दाख स्काउट रेजिमेन्ट केंद्र (लेह) द्वारा की जाएगी।

(ख) सभी **सिविल अभ्यर्थी** अपने स्थायी निवास स्थान के नज़दीकी सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय या स्वतंत्र भर्ती कार्यालय (दिल्ली कैण्ट) को ही आवेदन करेंगे।

(ग) **सेवारत सैनिक अभ्यर्थी** अपनी वर्तमान पदस्थापना के स्थान के निकटतम मुख्यालय भर्ती कार्यालय या स्वतंत्र भर्ती कार्यालय (दिल्ली कैंट) को आवेदन करें।

(घ) **सिविल अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्रों को जमा करने का तरीका**

(i) **सिविल अभ्यर्थी.** ऑनलाइन आवेदन **पंडित, ग्रंथी, पादरी और मौलवी (सुन्नी)** संवर्ग के लिए आवेदन करने वाले सभी सिविल अभ्यर्थियों से **आवेदन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर स्वीकार किए जाएंगे।** इन संवर्ग के सिविल अभ्यर्थियों का **लिखित आवेदन अस्वीकार** कर दिया जाएगा (विस्तृत विवरण ऑन लाइन आवेदन के लिए निर्देश में दिया गया है) ।

(ii) **सिविल हिंदू गोरखा अभ्यर्थी**. (गोरखा रेजिमेंट के लिए) पंडित गोरखा संवर्ग के लिए लिखित आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर केवल गोरखा भर्ती डिपो कुनराघाट को ही भेजें (केवल निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप पर ही आवेदन करें)।

(iii) **सिविल ल- ाखी मुस्लिम (शिया) अभ्यर्थी (लद्दाख स्काउट रेजिमेंट के लिए)**. मुस्लिम शिया संवर्ग के लिए लिखित आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर केवल लद्दाख स्काउट रेजिमेंटल सेंटर लेह को ही भेजें (केवल निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप पर ही आवेदन करें) ।

(iv) **सिविल बौद्ध महायान संन्यासी (सिक्किम प्रदेश के अलावा) अभ्यर्थी** . बौद्ध संन्यासी संवर्ग लद्दाख स्काउट रेजिमेंट के लिए लिखित आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर केवल लद्दाख स्काउट रेजिमेंटल सेंटर लेह को ही भेजें (केवल निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप पर ही आवेदन करें)।

(ङ) **सेवारत सैनिकों द्वारा आवेदन पत्रों को जमा करने का तरीका**. आवेदन पत्र केवल कार्यालय प्रणाली द्वारा ही स्वीकृत किया जाएगा (विस्तृत विवरण सेवारत सैनिकों के लिए निर्देश में देखे)।

(च) ऊपर दी गयी सभी शर्तें व नियम, रिक्तियां और भर्ती प्रक्रिया में समय -समय पर बदलाव हो सकता है। **केवल पुरुष अभ्यर्थी** ही आवेदन पत्र भेज सकते हैं ।

(छ) स्वीकृत विश्वविद्यालयों के सूची की जाँच UGC/AICTE/AIU कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट अथवा निकटतम मुख्यालय भर्ती कार्यालय/सेना भर्ती कार्यालय/स्वतंत्र भर्ती कार्यालय (दिल्ली छावनी) द्वारा की जायेगी।

(ज) यदि कोई उम्मीदवार किसी संस्था मे नौकरी कर रहा है और उसे चयनित किया गया है, तो उसे उस संस्था से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय में जमा करना होगा ।

(झ) अनुवीक्षण के समय अभ्यर्थी को निम्नलिखित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगेः

(i) गाँव सरपंच या राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र।

(ii) मूल निवास/ आवास/ राष्ट्रीयता प्रमाण पत्र राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी।

(iii) हाई स्कूल से बाद के सभी मूल प्रमाण पत्रों और प्रत्येक शैक्षिक योग्यता से सम्बंधित प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकायें।

(iv) सेवारत/पूर्व सैनिक के पुत्र, युद्ध विधवा /विधवा के पुत्र का प्रमाण पत्र (अभिलेख कार्यालय द्वारा निर्गत) यदि लागू हो ।

(ञ) शरीर में बने पक्के टैटू (गोदना ) केवल बांह की कलाई के अन्दर के भाग में यानि कोहनी से कलाई के अन्दर के भाग या हथेली के पीछे / हाथ की हथेली के पीछे के भाग में ही मान्य हैं, शरीर के किसी अन्य भाग मे पक्के टैटू मान्य नहीं हैं । ऐसा होने पर उसे चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा । जातियों की परम्परा के अनुसार उनके चेहरे या शरीर पर बने टैटू अलग-अलग मामले के अनुसार मान्य होंगे।

(ट) शारीरिक क्षमता जाँच में पास होने के लिए, शारीरिक क्षमता को बढ़ाने वाली दवाइयों का सेवन न करें। इससे बेहतर होगा कि तैयारी करके जाँच में पास हों।

(ठ) **दलालों और एजेंटों की इसमें कोई भूमिका नहीं है । अतः अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है की उनके कुचक्र में न फंसें।**

(ड) सामान्य प्रवेश परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और अनुचित साधनों का प्रयोग ना करें।

(ढ) उम्मीदवार को शारीरिक क्षमता जाँच (PFT) में भाग लेने के पहले उसे अपनी पूर्व चिकित्सा जाँच स्वयं करानी होगी। किसी भी प्रकार के हादसे के लिए भर्ती कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

**<u>पंडित, ग्रंथी, पादरी और मौलवी संवर्ग के सिविल अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन के निर्देश</u>**

**<u>जूनियर कमीशन अफसर (धर्मशिक्षक) पंडित, ग्रंथी, पादरी और मौलवी संवर्ग के सिविल अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन ऐसे करें</u>**

1. जूनियर कमीशन अफसर (धर्मशिक्षक) की भर्ती पंडित, ग्रंथी, पादरी और मौलवी (सुन्नी) संवर्ग के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के द्वारा होगी और ऑनलाइन आवेदन हमारी वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर मौजूद है ।

2. **<u>ऑनलाइन पंजीकरण</u>**. अभ्यर्थी अपनी पात्रता जाँच **www.joinindianarmy.nic.in** पर कर सकते हैं और भारतीय सेना में पसंदीदा / उपयुक्त कैरियर विकल्प के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएः-

(क) मैट्रीक्युलेशन प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र ।

(ख) व्यक्तिगत विवरण जिसमें पिन नंबर के साथ स्थाई पता भी दें ।

(ग) सत्यापन /आवासीय प्रमाण पत्र ।

(घ) अपना वैध निजी ई-मेल आई डी बनायें ।

(ङ) अपना व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर भी दें ।

3. **<u>ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया</u>**. ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट खोलें और निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायें ।

(क) JCO/OR enrolment पंक्ति (हरे रंग) में होम पेज पर "Apply online" पर क्लिक करें।

(ख) ऑनलाइन पंजीकरण फार्म भरें । जैसे-जैसे आप हर फील्ड़ को हाईलाइट करेंगे तो फिर हर फील्ड़ को भरने में सहायता के लिए संकेत दिये गये हैं।

(ग) अपना विवरण भरें, आपका प्रोफाइल खुल जाएगा ।

(घ) "Apply online" पर क्लिक करें। आपकी पात्रता के अनुसार कैप्शन के साथ विकल्प आयेंगे । आवेदन करने के लिए बटन पर क्लिक करें और पंजीकरण के दौरान पहले भरे विवरण के अनुसार विवरण सामने दिखेंगे । प्रत्येक टैब पर बाकी विवरण जैसे सम्पर्क पता और शैक्षणिक योग्यता सम्बंधी विवरण भरें।

(ङ) फार्म भरने के बाद प्रीव्यू पर क्लिक करें और देखें कि क्या आपके द्वारा भरी गयी सूचना सही है, क्योंकि एक बार save करने के बाद आप कोई संशोधन (correction) नहीं कर पायेंगे।

(च) अभ्यर्थी ई-मेल आईडी और पासवर्ड को इस्तेमाल करके लॉग-इन कर सकते हैं और भरे गये विवरणों का प्रिन्ट किसी भी समय ले सकते हैं ।

(छ) पंजीकरण प्रक्रिया बंद होने पर अंतिम दिन सिस्टम से योग्य उम्मीदवारों का रोल नम्बर निर्गत होगा ।

(ज) उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि सेना वेबसाइट www.joinidianarmy.nic.in पर अपना प्रोफाइल देखकर रोल नम्बर प्राप्त करें ।

(झ) भर्ती रैली कार्यक्रम के अनुसार प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा ।

(ट) उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि सेना वेबसाइट www.joinidianarmy.nic.in पर अपना प्रोफाइल देखकर प्रवेश पत्र प्राप्त करें ।

(ठ) उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लेकर उसके ऊपर नवीनतम पासपोर्ट फोटो चिपकायें।

4. ऑनलाइन पंजीकरण का अर्थ यह नहीं होगा कि अभ्यर्थी ने भर्ती की समस्त शर्तें पूरी कर ली हैं।

5. आपके पंजीकरण के बाद उसकी जाँच-पड़ताल की जायेगी और किसी भी समय अयोग्य / अवैध पाये जाने पर उसे निरस्त किया जा सकता है ।

6. अभ्यर्थी आवेदन जमा (Submit) करने से पहले दर्ज की गई सभी सूचनाओं को जांच लें और आवेदन को Save कर लें। आवेदन जमा (Submit) करने के बाद आपको सिस्टम से रोल नंबर आबंटित हो जाएगा । इसकी आप दो कॉपी प्रिंटआउट ले लें।

7. प्रवेश पत्र का प्रिन्ट अच्छी गुणवत्ता वाले कागज पर श्वेत-श्याम लेजर प्रिंटर से न्यूनतम 600 X 600 के रिजोल्यूशन पर ही निकालें और उसके ऊपर अपना अभी का पासपोर्ट साइज का फोटो चिपकाएँ।

8. प्रवेश पत्र एक जरूरी दस्तावेज है जिसे शारीरिक जांच के लिए निर्धारित रैली तिथि पर निम्नलिखित दस्तावेजों की **मूल प्रति व प्रतिलिपि** को साथ लेकर आना अनिवार्य हैः-

(क) गाँव सरपंच या अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी आचरण/चरित्र प्रमाण पत्र।

(ख) मूल निवास /आवासीय प्रमाण पत्र राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा निर्गत ।

(ग) हाई स्कूल एवं बाद के सभी मूल प्रमाण पत्र और प्रत्येक वर्ष की अंकतालिकायें।

(घ) सम्बंधित अभिलेख कार्यालय द्वारा जारी किया गया सेवारत /भूतपूर्व सैनिक का पुत्र /युद्ध विधवा /विधवा का पुत्र होने का प्रमाण पत्र, यदि लागू हो ।

9. एक अभ्यर्थी केवल एक ही आवेदन करने का पात्र होगा । एक से अधिक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन / पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेगा।

**ऑन लाइन पंजीकरणः 30 सितम्बर 2019 समय 1000 बजे खुलेगा।**

**ऑन लाइन पंजीकरणः 29 अक्टूबर 2019 समय 1700 बजे बंद होगा।**

**"दलालों पर धन व्यर्थ न करें। भर्ती प्रक्रिया कम्प्यूटराइज्ड है और दलाल इसमें कुछ नहीं कर पायेंगे ।**

**अपनी मेहनत पर विश्वास करें"।**

**डिस्क्लेमर (घोषणा)**

विज्ञापन में और वेबसाइट पर दी गयी सूचना केवल दिशा निर्देश है। कोई भी संदिग्धता होने की स्थिति में भारतीय सेना / भारत सरकार की मौजूदा नीतियों, नियम और विनियम अंतिम व मान्य होंगे । विवरण वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर भी उपलब्ध है।

**जूनियर कमीशन अधिकारी (धर्मशिक्षक) 88, 89 एवं 90 पाठ्यक्रम के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप**
**केवल पंडित गोरखा, मौलवी ( शिया) तथा बौद्ध संन्यासी संवर्ग के सिविल अभ्यर्थियों के लिए**

रोल नं. ------------------(कार्यालय द्वारा भरा जाए)

**भाग -I : व्यक्तिगत जानकारी**

1. पूरा नाम -----------------------------------

2. पिता का नाम --------------------------------

**3.5 से.मी. X 4.5 से.मी. आकार का पासपोर्ट फोटो चिपकाएं**

3. **स्थाई निवास का पता.**

गांव /कलोनी/स्थानीय------------------------ डाकघर ---------------------

तहसील/ताल्लुका ------------- जिला -----------------------

राज्य ----------------------- पिन ------------------------

दूरभाष नम्बर STD कोड सहित /मोबाइल नम्बर. -----------

4. **वर्तमान पता.**

गांव /कलोनी/स्थानीय ------------------------ डाकघर ---------------------

तहसील/ताल्लुका ------------- जिला -----------------------

राज्य ----------------------- पिन ------------------------

दूरभाष नम्बर STD कोड सहित /मोबाइल नम्बर. -------------- ई-मेल ---------------------

5. जाति/जनजाति ---------------- धर्म --------------------------

राष्ट्रीयता --------------------- मातृभाषा ---------------------

6. जन्मतिथि---------------------
(मैट्रीक्युलेशन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें)

7. वैवाहिक स्थिति : विवाहित/अविवाहित
(यदि विवाहित हैं तो मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र संग्लग्न करें कि आपकी सिर्फ एक पत्नि है।)

8. अन्य विशिष्ट उपलब्धियॉ (खेल / शिक्षा) (क ) --------------- (ख ) ------------ (ग ) ----------------

9. सेवारत/ भूतपूर्व सैनिक का पुत्र/ युद्ध विधवा/ विधवा का पुत्र : हॉं / नहीं
(अगर हां तो सेर्टिफिकेट की सत्यापित प्रतिलिपि नत्थी करें )

10. पिछली /वर्तमान नौकरी की जानकारी (हॉं या नहीं )
(यदि हॉं तो संस्था से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।)

| क्रमांक | कार्यालय का नाम (सम्पूर्ण पता टेलिफोन नम्बर सहित ) | पद | अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**भाग -II : योग्यताएँ**

11. **शैक्षणिक योग्यताएँ (स्नातक सहित).**

| क्रमांक | उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | वर्ष | संस्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी (डिवीजन) | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12. **धार्मिक शैक्षणिक योग्यताएँ.**

| क्रमांक | उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | वर्ष | संस्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी (डिवीजन) | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**टिप्पणी**:- प्रमाणपत्र / अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतिलिपि / जेरॉक्स कॉपी अवश्य संलग्न करें

13. **भाषा.**

| क्रमांक | भाषा | उत्तीर्ण परीक्षा | निपुणता | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | पढ़ना /लिखना / बोलना | |

**भाग -III : घोषणा**

14. मैं प्रमाणित करता हूँ किः-

(क ) उपरोक्त सूचना मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि उपरोक्त कोई सूचना गलत/झूठी/अपूर्ण पायी गई तो मुझे अयोग्य ठहराया जा सकता है।

(ख ) मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि भर्ती निःशुल्क है और किसी भी एजेंसी को धन देने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी स्तर पर यह पता चलता है कि मैंने भर्ती होने के लिए धन दिया है तो मुझे नौकरी के अयोग्य समझा जा सकता है या नौकरी से निकाला जा सकता है।

(ग ) अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) तथा चयन प्रक्रिया के दौरान मुझे लगने वाली किसी भी प्रकार की चोट/दुर्घटना के लिए मैं किसी भी प्रकार के मुआवजे का दावा नहीं करूंगा।

15. मैं घोषणा करता हूँ कि मैं निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर रहा हूँः-

(क ) आचरण/चरित्र प्रमाण पत्र।

(ख ) हाई स्कूल प्रमाण पत्र।

(ग ) इण्टरमीडिएट (10+2) प्रमाण पत्र।

(घ) स्नातक शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र

(ङ) धार्मिक शैक्षिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की अलग-अलग अंक तालिकायें

(i) प्रथम वर्ष (ii) द्वितीय वर्ष (iii) तृतीय वर्ष

(या)

धार्मिक शैक्षिक योग्यता में स्नातकोत्तर उपाधि के प्रत्येक वर्ष की अलग-अलग अंक तालिकायें

(i) प्रथम वर्ष (ii) द्वितीय वर्ष

(च ) मूल निवास / आवासीय प्रमाण पत्र।

(छ) सम्बंधित अभिलेख कार्यालय द्वारा जारी किया गया सेवारत/ भूतपूर्व सैनिक का पुत्र/ युद्ध विधवा/ विधवा का पुत्र होने का प्रमाण पत्र, यदि लागू हो ।

(सम्बंधित अभिलेख कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करे)

तिथिः ____ (अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

## सेवारत सैनिकों के लिए निर्देश

1. विज्ञापन के प्रारुप के अनुसार ही आवेदन पत्र भरें तथा उसे कमान अधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित कराएं। आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें एवं अपने अभिलेख कार्यालय को भेजें जो उन्हें अभ्यर्थी के पदस्थापना के निकटतम **सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय** को भेजेगा ।बाहरी लिफाफे पर लाल स्याही से "**जूनियर कमीशन अफसर (धर्मशिक्षक) आर आर टी 88, 89 एवं 90 पाठयक्रम**" के लिए आवेदन लिखें।

2. किसी भी समय यदि अभ्यर्थी एक से अधिक मुख्यालय भर्ती कार्यालय से आवेदन करता हुआ पाया गया तो उसका आवेदन रद्द कर दिया जायगा तथा उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

3. आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बंधित भर्ती कार्यालय को भेजें (**सैनिक अभ्यर्थी के पदस्थापना के सबसे नजदीक**) ।

4. आवेदन पत्र दिये गए प्रारूप के अनुसार हस्तलिखित या A4 कागज पर टाईप कर के सम्बंधित भर्ती कार्यालय को भेजें । सम्बंधित भर्ती कार्यालयों के पते विज्ञप्ति के अंत में दिया गया है।

5. आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो (बिना धूप के चश्मे के साथ लिया हुआ) चिपकायें। पोलोराइड कैमरा या कम्प्यूटर से लिया गया फोटो स्वीकार नहीं किया जायेगा । इसके अतिरिक्त एक और पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटो आवेदन के साथ संलग्न करें।

6. आवेदन पत्र के साथ डाक विभाग द्वारा जारी टिकट लगा हुआ एवम अपना पिन कोड सहित वर्तमान पता लिखा हुआ तीन रजिस्ट्री पत्र अवश्य संलग्न करें जिसमें प्राप्ती पत्र/बुलावा सूचना पत्र/निरस्त पत्र को प्रेषित किया जा सके ।

7. जिस उम्मीदवार का आवेदन पत्र पहले अस्वीकार किया जा चुका है लेकिन यदि वह भर्ती के लिए योग्य है और आयु सीमा के अंतर्गत आता है तो वह दुबारा आवेदन कर सकता है।

8. अपूर्ण आवेदन पत्र को रद्द कर दिया जाएगा।

**आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीखः 20 नवम्बर 2019**

**"दलालों पर धन व्यर्थ न करें।**

**भर्ती प्रक्रिया कम्प्यूटराइज्ड है और दलाल इसमें कुछ नहीं कर पायेंगे ।**

**अपनी मेहनत पर विश्वास करें "।**

**मुख्यालय भर्ती कार्यालयों के पते**

| क्रम संख्या | पता | राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश तथा जिला |
|---|---|---|
| 1. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, अम्बाला<br>चन्द्रशेखर मार्ग,अम्बाला छावनी-133001 | हरियाणा (गुड़गाँव, फरीदाबाद, पलवल और मेवात को छोडकर) चंडीगढ और हिमाचल प्रदेश के लिए |
| 2. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, बंगलोर<br>148, फील्ड मार्शल के एम करियप्पा मार्ग<br>बंगलोर - 560025 | कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप के लिए |
| 3. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, चेन्नई<br>फोर्ट सेंट जार्ज,चैन्नई -600009 | तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, पांडिचेरी और अण्डमान निकोबार के लिए |
| 4. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, दानापुर<br>दानापुर छावनी - 801503 | बिहार और झारखंड के लिए |
| 5. | स्वतंत्र भर्ती कार्यालय, दिल्ली कैंट<br>दिल्ली कैंट - 110010 | दिल्ली, गुड़गाँव, फरीदाबाद, पलवल और मेवात के लिए |
| 6. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, जबलपुर<br>टी-23, रिज रोड, जबलपुर - 482001 | मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए |
| 7. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, जयपुर<br>शास्त्री नगर, पोस्ट बाक्स नं. - 35<br>जयपुर (राजस्थान) - 302016 | राजस्थान के लिए |
| 8. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, जालंधर<br>जालंधर छावनी - 144005 | पंजाब और जम्मू कश्मीर के लिए |
| 9. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, कोलकाता<br>1-गोखले मार्ग, कोलकाता -700020 | पश्चिम बंगाल, सिक्किम और उड़ीसा के लिए |
| 10 | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, लखनऊ<br>236, महात्मा गॉधी रोड,<br>लखनऊ छावनी, पिन - 226002 | उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के लिए |
| 11. | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, पुणे<br>नं. 3, राजेन्द्र सिंह जी मार्ग, पुणे - 410001 | महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, दादर एव नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए |
| 12 | मुख्यालय भर्ती कार्यालय, शिलांग<br>शिलांग - 793001 | असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा |
| 13. | गोरखा भर्ती डिपो, कुनराघाट<br>पिन -901108 मार्फत 56 सेना डाक घर | पंडित (गोरखा ) संवर्ग के लिए |
| 14. | लद्दाख स्काउट रेजिमेंटल केंद्र<br>पिन -910368मार्फत 56 सेना डाक घर | लद्दाखी मुस्लिम शिया तथा बौद्ध संन्यासी महायान संवर्ग के लिए (सिक्किम राज्य के अभ्यर्थियों के अलावा ) |

**जूनियर कमीशन अधिकारी (धर्मशिक्षक) 88, 89 एवं 90 पाठ्यक्रम के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप**
**केवल सेवारत सैनिक अभ्यर्थियों के पुनः प्रवेश के लिए**

रोल नं. ____________________

**भाग - I : व्यक्तिगत जानकारी**

| |
|---|
| **3.5 से.मी. X 4.5 से.मी. आकार का पासपोर्ट फोटो चिपकाएं** |

1. पूरा नाम ________________________________________

2. पिता का नाम ________________________________________

3. **स्थाई निवास का पता**.

गांव / कॉलोनी/मोहल्ला __________________________________

डाकघर _________________ तहसील/ताल्लुका ________________

जिला __________________ राज्य _______________________

पिन ___________________ दूरभाष न. STD कोड सहित /मोबाइल न. ______________________________

4. **वर्तमान यूनिट का पता**.

यूनिट _______________________ पिन _____________________________

मार्फत _____________ सेना डाक घर ई-मेल ____________________________

मोबाइल नम्बर______________________

5. **अगला उच्च मुख्यालय**.

मुख्यालय _____________________ पिन ____________________

मार्फत ______________ सेना डाक घर

6. जाति/जनजाति ______________ धर्म ______________

राष्ट्रीयता ______________ मातृभाषा ______________

7. जन्मतिथि ______________ (मैट्रीक्युलेशन प्रमाण पत्र की सत्यापित / जेरॉक्स प्रतिलिपि संलग्न करें)

8. वैवाहिक स्थिति : विवाहित/अविवाहित

9. धार्मिक संवर्ग ____________________________
(पंडित / ग्रंथी / पंडित गोरखा / मौलवी शिया / बौद्ध संन्यासी)

10. सेना में भर्ती की तारीख _________________________

11. वर्तमान ट्रेड / क्लास (वर्ग) तथा वेतन वर्ग _____________________________________

12. वर्तमान चिकित्साा श्रेणी ___________________________________________

## भाग - II: योग्यताएँ

13. शैक्षणिक योग्यताएँ (स्नातक सहित).

| क्रमांक | उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | वर्ष | संस्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी (डिवीजन) | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. **धार्मिक शैक्षणिक योग्यताएँ.**

| क्रमांक | उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | वर्ष | संस्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | श्रेणी (डिवीजन) | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**टिप्पणी:-** प्रमाणपत्र / अंकतालिकाओं की सत्यापित / जेरॉक्स प्रतिलिपि संलग्न करें ।

**15. भाषा योग्यताएँ.**

| क्रमांक | भाषा | उत्तीर्ण परीक्षा | निपुणता | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | पढना / लिखना / बोलना | |

## भाग III : घोषणा

16. मैं प्रमाणित करता हूँ किः-

(क ) मैं जूनियर कमीशन अधिकारी (धर्मशिक्षक) ____________ वर्ग के लिए आवेदन कर रहा हूँ ।

(ख) उपरोक्त सूचना मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि उपरोक्त कोई सूचना गलत/झूठी/अपूर्ण पायी गई तो मुझे अयोग्य ठहराया जाए।

(ग) मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि भर्ती निःशुल्क है और किसी भी एजेंसी / दलाल को धन देने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी चरण पर यह पता चलता है कि मैंने भर्ती होने के लिए धन दिया है तो मुझे नौकरी के अयोग्य / विमुक्ति किया जा सकता है।

(घ) अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) तथा चयन प्रक्रिया के दौरान मुझे किसी भी प्रकार की चोट/दुर्घटना होने पर, मैं किसी भी प्रकार के मुआवजे का दावा नहीं करूंगा।

17. मैं घोषणा करता हूँ कि मैं निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर रहा हूँः-

(क) आचरण/चरित्र प्रमाण पत्र ।

(ख) हाई स्कूल प्रमाण पत्र ।

(ग) उच्च माध्यमिक (१०+२) प्रमाण पत्र

(घ) स्नातक शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र

(ड़) धार्मिक शैक्षिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की अलग-अलग अंक तालिकाओं की प्रतिलिपि:-

(i) प्रथम वर्ष (ii) द्वितीय वर्ष (iii) तृतीय वर्ष

(या)

(च) धार्मिक शैक्षिक योग्यता में स्नातकोत्तर उपाधि के प्रत्येक वर्ष की अलग-अलग अंक तालिकाओं की प्रतिलिपि:-

(i) प्रथम वर्ष (ii) द्वितीय वर्ष

(छ) मूल निवास / आवासीय प्रमाण पत्र (राज्य सरकार के अधिकृत अधिकारी द्वारा निर्गत)

तिथि : (अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

**भाग - IV: यूनिट के कमान अधिकारी/ ओ सी द्वारा अनुमोदन**

18. आवेदन अनुमोदित / रद्द किया जाता है ।

तिथि : (यूनिट के कमान अधिकारी / ओ सी के हस्ताक्षर)

**भाग - V: अभ्यर्थी के अभिलेख कार्यालय द्वारा भरा जाए**

19. प्रमाणित किया जाता है कि सेना क्रमाँक ________________ रैंक (पद) ____________________ नाम__________________ यूनिट ____________________ आर्म/सर्विस _________________ को किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता के लिए लाल स्याही से दंडित नहीं किया गया है ।

20. ________________________________________को अग्रेषित की गई ।
(सम्बंधित मुख्यालय भर्ती कार्यालय / प्रशिक्षण केंद्र)

तिथि : (ओ आई सी अभिलेख कार्यालय के हस्ताक्षर)